कार्यालय नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0, भोपाल

क्रमांक जी0बी0/5 (वि–10) 2019–20/ 614 भोपाल, दिनांक 20/5/2020

## निविदा सूचना

शासकीय केन्द्रीय/क्षेत्रीय मुद्रणालय, भोपाल, ग्वालियर, इन्दौर, एवं रीवा स्थित मुद्रणालयों में वर्ष 2019–20 एव 2020–21 में एकत्रित कागज की रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटको के विक्रय हेतु आई.टी.विभाग की बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर निविदा दिनांक 1–6–2020 सांय 5:00 बजे तक की--डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती हैं।

2. ऑनलाईन तकनीकी निविदा में प्रस्तुत दस्तावेज दिनांक 1–6–2020 अपराह्न 5:00 बजे तक प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाईन निविदा में प्रस्तुत दस्तावेज दिनांक 2–6–2020 अपराह्न 1:30 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष डाउनलोड कर खोला जायेगा। निविदाकार की अनुपस्थिति में उपस्थित हुए प्रतिनिधि को अधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा।

3. निविदा विज्ञप्ति एवं शर्तो आदि को अवलोकन हेतु शासकीय प्रेस की www.govtpressmp.nic.in में रखा गया है।

4. सूचना/संशोधन या सुधार की स्थिति में जानकारी आई.टी. विभाग की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

(नस्ती पर नियंत्रक द्वारा अनुमोदित)

उप नियंत्रक
वास्ते नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री
म.प्र. भोपाल

## निविदा हेतु निर्धारित समय एवं तिथि

| | | |
|---|---|---|
| 1. आनलईन निविदा कय करने की अंतिम तिथि | : | 30–5–2020 समय 2:00 पीएम |
| 2. आनलईन निविदा भरे जाने की अंतिम तिथि | : | 1–6–2020 समय 5:00 पीएम |
| 3. ऑनलाइन तकनीकी भाग खोलने की अंतिम तिथि | : | 2–6–2020 समय 1:30 पीएम |
| 4. ऑनलाइन कामर्शियल भाग खोलने की अंतिम तिथि | : | 8–6–2020 समय 2:00 पीएम |

1. शासकीय केन्द्रीय/क्षेत्रीय मुद्रणालय भोपाल/ग्वालियर/इन्दौर/रीवा स्थित प्रेस से रद्दी कतरन (उपयोग किए गए पेपर की कतरन) तथा रील कोर के खाली गुटके के विक्रय हेतु आई.टी.विभाग की बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर इच्छुक निविदाकारों से पृथक–पृथक मुद्रणालयवार सामग्री क्रय हेतु दर प्रति किलो ग्राम समस्त कर सहित की–डेट अनुसार दिनांक 1–6–2020 को 5:00 बजे तक ऑन लाईन दरें आमंत्रित की जाती हैं।

**तकनीकी निविदा की अनिवार्य अर्हताएं :–**

1.1 निविदा प्रपत्र रूपये 1000=00 प्रोसेसिंग फीस एवं कर अतिरिक्त का ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किया जा सकेगा।

1.2 ई.एम.डी.राशि रूपये 30,000=00 का भुगतान ऑनलाईन जमा करना होगी एवं प्रमाण स्वरूप ऑन लाईन जमा राशि का अभिलेख प्रस्तुत करना होगा।

1.3 वर्ष 2019–20 का जी.एस.टी. क्लीयरेंस प्रमाण पत्र एवं पंजीयन नम्बर की छायाप्रति।

1.4 निविदा एवं शर्तों के प्रत्येक पृष्ठ पर सहमति स्वरूप निविदाकार के हस्ताक्षर एवं रबर सील लगाकर प्रस्तुत करना होगा।

1.5 निविदाकर्ता फर्म स्थापित होने संबंधी पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति।

1.6 निविदाकर्ता फर्म के मालिक/पार्टनर का नाम एवं पूर्ण पता।

1.7 निविदाकार फर्म के पेन कार्ड की प्रमाणित प्रति।

1.8 निविदाकार फर्म के लेटर हेड पर इस आशय का प्रमाण पत्र संलग्न करें किसी भी शासकीय कार्यालय द्वारा निविदाकार फर्म का नाम काली सूची (ब्लेक लिस्ट) में नहीं डाला गया है।

1.9 निविदाकार फर्म के लेटर हेड पर फर्म का पूर्ण पता पिन कोड, दूरभाष, ई–मेल एड्रेस प्रस्तुत करना होगा।

1.10 अधिकृत प्रतिनिधि के नाम प्रमाणित नमूना हस्ताक्षर।

1.11 टर्न ओवर के संबंध में सी.ए. द्वारा प्रमाणित दस्तावेज।

(उपरोक्त 1.1 से 1.12 तक के समस्त दस्तावेजों को निविदाकर्ता फर्म द्वारा ऑनलाईन अपलोड करना होगा अन्यथा निविदा अमान्य कर दी जावेगी)।

नियम एवं शर्तें

1. शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल एवं क्षेत्रीय मुद्रणालय, ग्वालियर, इन्दौर एवं रीवा की वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 की एकत्रित कागज की रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटकों के विक्रय हेतु आई.टी.विभाग की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर इच्छुक निविदाकारों से पृथक पृथक प्रेसवार सामग्री क्रय हेतु प्रति किलो ग्राम समस्त कर सहित की ऑनलाईन निविदा से, की-डेट्स अनुसार दिनांक 1-6-2020 अपरांह 5:00 बजे तक दरें आमंत्रित की जाती है।

2. ई-निविदा का तकनीकी भाग ऑनलाइन दिनांक 2-06-2020 अपराह 1:30 बजे उपस्थित निविदाकारों/अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जावेगा, अधिकृत प्रतिनिधि को फर्म द्वारा जारी अधिकार पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

3- ऑन लाइन तकनीकी भाग में सफल निविदाकारों का कामर्शियल भाग दिनांक 8-6-2020 को, की-डेट अनुसार अपरान्ह 2:00 बजे ऑनलाईन डाउनलोड किया जायेगा।

4. निविदा स्वीकृत कर अनुबंध करने की सूचना भेजे जाने पर तीन कार्य दिवस के अंदर प्रतिभूति की राशि जमा कर अनुबंध निष्पादित करना अनिवार्य होगा, ऐसा ना करने की स्थिति में टेण्डर डिपॉजिट की राशि राजसात कर, H-2 निविदाकार को अवसर दिया जावेगा। बकाया हानि की वसूली डिफाल्टर निविदाकार से की जावेगी, साथ ही डिफाल्टर निविदाकार को आगामी तीन वर्ष तक शासकीय मुद्रणालयों की निविदा में भाग लेने से वंचित किया जा सकेगा।

5. सफल निविदाकारों को मुद्रणालयवार प्रतिभूति राशि नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0, भोपाल के पक्ष में राष्ट्रीयकृत बैंक की 12 माह की अवधि का एफ. डी. आर. तैयार कर एक वर्ष के लिए अनुबंध निष्पादन करना होगा, जो निम्नानुसार होगा।-

| स.क्र | मुद्रणालय का नाम | प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|
| 1. | शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल | 1,50,000=00 |
| 2. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, ग्वालियर | 1,00,000=00 |
| 3. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, इन्दौर | 1,00,000=00 |
| 4. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, रीवा | 75,000=00 |

6. गत तीन वर्षों में से किसी भी वर्ष निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् भी निविदा शर्तों के अंतर्गत सामग्री उठाने में असफल निविदाकार/फर्म द्वारा प्रस्तुत निविदा विचार में नहीं ली जावेगी।

7. जी.एस.टी. सहित अन्य सभी कर जमा करने का उत्तरदायित्व निविदाकार का होगा। अंकित किये गये भाव के अतिरिक्त यह नियमानुसार देना होगा।

8. वर्ष 2019—20 की एकत्रित रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटके 31 जुलाई 2020 तक उठाना अनिवार्य है तथा सामग्री संपूर्ण रूप से उठा ली गई है, का प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा ।

9. सफल निविदाकार को मुद्रणालय में वर्ष 2020—21 की एकत्रित रद्दी कतरन एव रील कोर के खाली गुटकों का अनुबंध निष्पादन उपरान्त, प्रत्येक माह में एक या अधिक बार निर्धारित की गई तिथि पर या सूचना देने पर उपरोक्त सामग्री उठाना अनिवार्य होगा । वर्ष 2020—21 के लिये प्रत्येक माह में चार से छह टन रद्दी कतरन एकत्रित होने पर उप नियंत्रक द्वारा सामग्री उठाने की तिथि निर्धारित कर अवगत कराया जायेगा एवं अनुबंधित फर्म को सामग्री उठानी होगी। रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटके निर्धारित तिथि पर न उठाने की स्थिति में नियंत्रक द्वारा अनुबंध आदेश निरस्त किया जावेगा तथा पृथक से शास्ति अधिरोपित की जावेगी । दिनांक 31 मार्च 2021 तक एकत्रित रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटकों को दिनांक 5—4—2021 तक उठाना अनिवार्य होगा ।

10. वर्ष 2019—20 एव 2020—21 की समस्त रद्दी कतरन तथा रील कोर के खाली गुटके उठाने का प्रमाण—पत्र, कार्यालय उप नियंत्रक, शासकीय मुद्रणालय भोपाल/ग्वालियर/ इन्दौर / रीवा, से प्राप्त होने पर और अनुबंध में दी गई शर्तों के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत न होने पर ही प्रतिभूति की धनराशि नियंत्रक की स्वीकृति उपरान्त वापिस की जावेगी अन्यथा शर्त क्रमाक—8 एव 9 के उल्लंघन पर पूर्ण राशि राजसात कर ली जावेगी।

11. अनुबन्ध निष्पादित करने वाले निविदाकार इस निविदा के अंतर्गत ठेके को उप भाडे पर नहीं देगा अथवा कार्य या उसका कोई भाग हस्तांतरित/अधिकृत नहीं करेगा और न ही अनुबध के अधीन किसी को भुगतान हेतु अधिकृत करेगा।

12. निविदा का प्रेषण इस बात का प्रमाण समझा जावेगा कि निविदाकर्ता को निविदा में निबद्ध समस्त शर्तें और प्रतिबंध मान्य हैं। निविदाकार फर्म द्वारा दी गई कोई भी शर्तें मान्य नहीं होगी।

13. पुरानी सुरक्षा निधि/प्रतिभूति राशि यदि इस कार्यालय में जमा हो तो वह इस निविदा के अंतर्गत मान्य नहीं होगी।

14. रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटकों की तौल, सफल निविदाकार को अपने मजदूर लगाकर अपने ट्रक मे जहाँ है जैसी है को भरवाकर ट्रक की तौल समिति के सदस्यों की उपस्थिति में धर्मकांटे पर करवाना होगी। खाली ट्रक का वजन जिस धर्मकांटे पर किया जावेगा उसी धर्मकांटे पर भरे ट्रक का वजन किया जावेगा। भरे ट्रक के वजन से खाली ट्रक का वजन घटाने से प्राप्त रद्दी कतरन एव रील कोर के खाली गुटकों का वजन ही मान्य किया जायेगा।

15 अनुबंधकर्ता फर्म को रद्दी कतरन, रील कोर के खाली गुटके जो मुद्रणालय में उपलब्ध होंगे जहाँ है, जैसे है उस हालत में उठाने होंगे। ट्रक जिस दिन आयेगा, उसी दिन अनिवार्यतः बाहर जायेगा, तथा कार्यालयीन समय में ही विक्रय किया जायेगा। रद्दी कतरन, रील कोर के खाली गुटकों को श्रेणीकरण करने या छँटाई आदि हेतु शासकीय मुद्रणालय का परिसर प्रयोग नहीं किया जायेगा ऐसा करने पर रूपये 10,000/- (दस हजार रूपये) प्रतिदिन की शास्ति अधिरोपित की जावेगी एवं उपरोक्त सामग्री फैलाये जाने की स्थिति में सफाई का उत्तरदायित्व संबंधित फर्म का ही होगा।

**16.** किसी भी परिस्थिति में समय वृद्धि नहीं की जायेगी।

**17.** रद्दी कतरन, रील कोर के खाली गुटको के अतिरिक्त शासकीय मुद्रणालय की अन्य किसी भी वस्तु को हाथ नहीं लगाया जायेगा। सामग्री उठाने हेतु संबंधित कार्यालय को सूचित कर अनुमति एवं पास लेना होगा।

**18.** नियंत्रक को किसी भी निविदा को मान्य करने या अमान्य करने का पूर्ण अधिकार होगा जिसके लिये कोई कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।

**19.** रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटकों के विक्रय की निविदा, शर्तों अथवा प्रक्रिया के संबंध में विवाद उत्पन्न होने पर नियंत्रक का निर्णय अंतिम एवं सर्व मान्य होगा एवं उक्त निर्णय निविदाकार को मान्य करना बंधनकारी होगा।

**20.** किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र भोपाल होगा ।

**नोटः–निविदाकार शर्तों पर सहमति स्वरूप हस्ताक्षर, पदमुद्रा सहित अंकित कर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।**

Signature Not Verified
Digitally signed by Dhyaneshwar Bhalchandra Patil
Date: 2020.05.19 16:11:36 IST

नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0,भोपाल।

कामर्शियल दर पत्रक

| स.क्र | मुद्रणालय का नाम | सामग्री का विवरण | दर प्रति किलो ग्राम समस्त कर सहित |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल | 1– रद्दी कतरन | |
| | | 2– रील कोर के खाली गुटके | |

| स.क्र | मुद्रणालय का नाम | सामग्री का विवरण | दर प्रति किलो ग्राम समस्त कर सहित |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय,ग्वालियर | 1– रद्दी कतरन | |
| | | 2– रील कोर के खाली गुटके | |

| स.क्र | मुद्रणालय का नाम | सामग्री का विवरण | दर प्रति किलो ग्राम समस्त कर सहित |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय,इन्दौर | 1– रद्दी कतरन | |
| | | 2– रील कोर के खाली गुटके | |

| स.क्र | मुद्रणालय का नाम | सामग्री का विवरण | दर प्रति किलो ग्राम समस्त कर सहित |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, रीवा | 1– रद्दी कतरन | |
| | | 2– रील कोर के खाली गुटके | |